# विभाग हिन्दी

## विभागीय परिषद
## वार्षिक गतिविधि रिपोर्ट
## शैक्षणिक वर्ष: 2021–2022
## संस्थान: राजकीय महाविद्यालय मुवानी, पिथौरागढ़

### विभागीय परिषद का संक्षिप्त परिचय

हिन्दी विभागीय परिषद, छात्र केंद्रित शिक्षण और सहभागी शासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिन्दी विभाग की विभागीय परिषद शैक्षणिक वर्ष 2021–2022 में सक्रिय रूप से कार्यरत रही। परिषद ने छात्रों को शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और विस्तार गतिविधियों में शामिल होने के अवसर प्रदान किए, जिससे पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अनुभवात्मक सीखने और समग्र विकास को प्रोत्साहन मिला।

### उद्देश्य

- छात्रों की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना।
- पाठ्यक्रम से परे शिक्षण–अधिगम को समृद्ध करना।
- संचार कौशल, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच का विकास करना।
- सामाजिक, पर्यावरणीय और साहित्यिक जागरूकता को प्रोत्साहित करना।
- गुणवत्ता अभिलेखन और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन में सहयोग करना।
- भाषा और साहित्य के क्षेत्र को विस्तारित करना।

## विभागीय परिषद के उत्तरदायित्व

- ➢ परिषद में शामिल विद्यार्थी विभाग की शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय एवं जिम्मेदार सहभागिता निभाएँ।
- ➢ वे विभाग, शिक्षकगण एवं अन्य विद्यार्थियों के बीच संवादसेतु के रूप में कार्य करते हुए - समस्याओं एवं सुझावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें।
- ➢ परिषद सदस्य अनुशासन, समयपालन एवं मर्यादित आचरण का पालन करते हुए विभाग की गरिमा बनाए रखें।

- वे संगोष्ठी, व्याख्यान, साहित्यिक गोष्ठी, प्रतियोगिता एवं उत्सवों के आयोजन में सहयोग प्रदान करें।
- परिषद में शामिल विद्यार्थी विभागीय निर्णयों के क्रियान्वयन में सकारात्मक भूमिका निभाते हुए सामूहिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।
- उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे हिंदी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रचनात्मक एवं नवोन्मेषी सुझाव दें।

## विभागीय परिषद का गठन

### गठन तिथि: 10 अगस्त 2021

| क्र०सं० | पद का नाम | छात्र का नाम | पिता का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | ज्याति | गोपाल दत्त जोशी | बी०ए० द्वितीय वर्ष |
| 2. | उपाध्यक्ष | कोमल | नरेन्द्र सिंह रावत | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| 3. | सचिव | दीपिका | बंशीधर जोशी | बी०ए० द्वितीय वर्ष |
| 4. | संयुक्त सचिव | वर्षा | गोविन्द राम | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| 5. | कोषाध्यक्ष | दिवाकर सोनार | लक्ष्मण राम | बी०ए० द्वितीय वर्ष |
| | कक्षा प्रतिनिधि | | | |
| | दीपिका | | बची राम | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| | हेमा | | नरेंद्र प्रसाद | बी०ए० द्वितीय वर्ष |
| | जागृति चन्द | | देवेन्द्र चन्द | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| | रोहित सोनार | | खड़क राम | बी०ए० द्वितीय वर्ष |
| | नीरजा | | श्याम लाल | बी०ए० द्वितीय वर्ष |

परिषद को सर्वसम्मति से समावेशी और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए गठित किया गया।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्रो०, डॉ० गिरीश चन्द्र पन्त
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

डॉ० रुपेश कुमार
विभागाध्यक्ष (हिन्दी विभाग)
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

# हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों का विवरण
## शैक्षणिक वर्ष: 2021–2022

### गतिविधि 1: साहित्यिक कविता, पोस्टर, लेख एवं निबंध प्रतियोगिता
### मुख्य शीर्षक: "हिन्दी की स्तिथि, परिदृश्य, सौन्दर्य, चुनौतियाँ, एवं समाधान"

- दिनांक: 14 सितंबर – 30 सितंबर 2021
- प्रकृति: शैक्षणिक और साहित्यिक
- सह-आयोजक: कोई नहीं
- स्थान: हिन्दी विभाग
- प्रतिभागी संख्या: 82 (विविध)

### उद्देश्य:
- साहित्यिक अभिव्यक्ति और रचनात्मक लेखन को प्रोत्साहित करना।
- छात्रों में आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक सोच का विकास करना।
- महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर परिचित कराना।
- हिन्दी अथवा अन्य भारतीय भाषाओं का परिचय प्राप्त कर उन्हें संरक्षित करना।
- हिन्दी को विस्तारित करना।

### संक्षिप्त विवरण:

विभाग ने निबंध, लेख, कविता और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें विभिन्न क्षेत्रो से छात्रों ने विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विषयों पर अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। छात्रों ने न केवल लिखित कला का अभ्यास किया, बल्कि सत्र के दौरान प्रस्तुतियों के माध्यम से विचार-शक्ति में वृद्धि हुई। संचार कौशल और आत्मविश्वास का विकास करने की दृष्टि से भी यह आयोजन सफल रहा।

### परिणाम:
- साहित्यिक अभिव्यक्ति और लेखन कौशल में वृद्धि।
- आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक सोच का विकास।
- सहकर्मी शिक्षण और सहयोगी वातावरण का निर्माण।
- Google Form के माध्यम से टेक्नॉलॉजी का परिचय।



GOVERNMENT DEGREE COLLEGE
MUWANI, PITHORAGARH
UTTARAKHAND, 262572

## राजकीय महाविद्यालय, मुवानी, पिथौरागढ़

द्वारा आयोजित
14 सितम्बर (हिन्दी दिवस) के शुभ अवसर पर
साहित्यिक कविता, पोस्टर, लेख एवं निबन्ध प्रतियोगिता
शीर्षक
हिन्दी की स्थिति, परिदृश्य, सौन्दर्य, चुनौतियां एवं समाधान

निबन्ध एवं लेख हेतु उपशीर्षक –

- हिन्दी भाषा की उत्पत्ति और विकास।
- जनसंचार माध्यम और हिन्दी।
- हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य।
- हिन्दी की संवैधानिक स्थिति।
- भारतीय स्वतंत्रता में हिन्दी का योगदान।
- सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, आदि क्षेत्रों में हिन्दी का महत्व।
- हिन्दी भाषा और उसकी वैज्ञानिकता।
- हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन।
- वैश्विक स्तर पर हिन्दी साहित्य सृजन।
- खड़ी बोली हिन्दी और मनोरंजन।
- अनुवाद प्रक्रिया और हिन्दी।
- हिन्दी भाषा तथा साहित्य से सम्बन्धित अन्य लेख भी समिति के विचारोपरांत स्वीकार किए जाएंगे।

रजिस्ट्रेशन लिंक - Click Here

कविता –

- आपकी कविता मौलिक (स्वरचित) होनी चाहिए।
- कविता हिन्दी भाषा एवं साहित्य पर केन्द्रित हो।
- कविता सारगर्भित तथा त्रुटि रहित होनी चाहिए।
- कविता मातृ भाषा हिन्दी के विविध प्रसंगों पर आधारित रहे।

पोस्टर –

- पोस्टर स्वरचित अथवा हिन्दी भाषा के कवियों द्वारा रचित कविता पर आधारित हो।
- पोस्टर हस्त-रचित रूप में ही मान्य होगा।

दिशा निर्देश –

- प्रतिभागी को दिए गए Google Form लिंक से रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
- आपके द्वारा अपलोड की जा रही फाइल (PDF) में हो तथा (10 MB) से अधिक न हो।
- लेख अथवा निबन्ध 2000 से 3000 शब्दों का होना चाहिए।
- इस प्रतियोगिता में सहभागिता निःशुल्क रहेगी।
- कविता, पोस्टर, लेख और निबन्ध के लिए भिन्न-भिन्न प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
- सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।
- अंतिम तिथि (30-9-2021) सांय 5 बजे के उपरान्त कोई भी कविता, लेख एवं निबन्धादि स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

संरक्षक
(डॉ आशीष कुमार गुप्ता)
प्रभारी प्राचार्य

संयोजक
(श्री रूपेश कुमार)
असि॰ प्रो॰ हिन्दी

सदस्य
(डॉ सुधीर कुमार)
असि॰ प्रो॰ समाजशास्त्र
(श्री राजकमल किशोर)
असि॰ प्रो॰ राजनीति शास्त्र




**(Dr ASHISH K. GUPTA)**
**Principal**
**Government Degree College**
**Muwani, Pithoragarh**




**(Dr Rupesh Kumar)**
**Assistant Professor, Hindi**

# हिन्दी दिवस
# 14 – 30 सितम्बर 2021

## हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित 'कविता, पोस्टर, लेख एवं निबन्ध प्रतियोगिता' में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं



## गतिविधि 2: राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता

- दिनांक: 20 सितंबर – 10 अक्टूबर 2021
- प्रकृति: शैक्षणिक / साहित्यिक
- सह-आयोजक: कोई नहीं
- स्थान: हिन्दी विभाग
- प्रतिभागी संख्या: 462 (विविध स्तरीय)

## उद्देश्य:

- हिन्दी साहित्य में रुचि और साक्षरता को बढ़ावा देना।
- विषय ज्ञान और विश्लेषणात्मक क्षमता में सुधार।
- हिन्दी भाषा-भाषी और पाठकों के विषयगत बौद्धिक स्तर को जांचना।

## संक्षिप्त विवरण:

हिन्दी विभाग ने हिन्दी साहित्य क्विज (Online) आयोजित किया। छात्रों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया और चयनित भाषा एवं साहित्यिक ग्रंथों के आधार पर निर्मित कुल 75 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दिये यह सत्र सहभागी शिक्षण और आलोचनात्मक विश्लेषण को प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ। प्रतिभागियों को दिये गए उत्तरों के आधार पर Online माध्यम से ई-प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## परिणाम:

- साहित्यिक समझ और विश्लेषण क्षमता में वृद्धि।
- सहयोगात्मक सीखने और बौद्धिक वातावरण का नव-निर्माण।



(Dr ASHISH K. GUPTA)
Principal
Government Degree College Muwani, Pithoragarh



(Dr Rupesh Kumar)
Assistant Professor, Hindi

GOVERNMENT DEGREE COLLEGE
MUWANI, PITHORAGARH,
UTTARAKHAND, 262572
Ph – 9336076924, 9756774213

# राजकीय महाविद्यालय, मुवानी, पिथौरागढ़

के सौजन्य से

'आज़ादी का अमृत महोत्सवी वर्ष' तथा 'हिन्दी पखवाड़ा' के उपलक्ष्य में आयोजित

"हिन्दी भाषा एवं साहित्य" पर राष्ट्रीय प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता – २०२१

20/09/2021 – 10/10/2021

➢ ऑनलाइन (Online) प्रतियोगिता संबंधी निर्देश :-

- 40% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ही ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
- अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2021 के उपरांत प्रतियोगिता का पंजीकरण लिंक निष्क्रिय हो जाएगा।
- प्रत्येक प्रतिभागी को मात्र एक बार ही पंजीकरण करने अथवा प्रश्नों के उत्तर सबमिट (Submit) करने का प्रावधान है। Gmail अकाउंट होने के कारण 1 दिन में मात्र 100 ई-प्रमाण पत्र ही प्रदान किए जा सकते हैं, अतः सीमा समाप्त होने के बाद आप अगले दिन ई-प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।
- Google form में आपको वैध ईमेल, नाम एवं पता भरना अनिवार्य होगा।
- प्रतियोगिता में कुल 75 प्रश्न तथा 60 मिनट का समय दिया जाएगा।

रजिस्ट्रेशन लिंक - https://forms.gle/cD4eRbVwVXBpfz8AA

संरक्षक
(डॉ आशीष कुमार गुप्ता)
प्रभारी प्राचार्य

संयोजक
(श्री रुपेश कुमार)
असि० प्रो० हिन्दी

## हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता' में प्रतिभागियों का Online विवरण

